



# नेशनल परमिट के नाम पर अवैध संचालित वाहन कर रहे मनमानी

## टूरिस्ट परमिट पर चल रही बसें, प्रयागराज में की गई चालान की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 फरवरी, इस समय रीवा से इलाहाबाद के बीच टूरिस्ट परमिट के नाम पर दर्जनो अन्तरप्रन्तीय यात्री वाहनों का आवागमन धड़ल्ले से हो रहा है. इन बसों में नागपुर, भिलाई, रायपुर, गुजरात उड़ीसा आदि के टूरिस्ट परमिट के नाम पर बसें चल रही है. बसों में राह चलते यात्रियों को जगह-जगह से बैठाया जाता है और उन्हें हर स्टेशन पर उतार जाता है.**




इन अवैध संचालित वाहनों को मध्य प्रदेश की सीमा में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है. इन बसों का परमिट टूरिस्ट यात्रा के नाम पर आवंटित किया गया है किंतु ये बसें नियमित सवारियों को जगह-जगह बस खड़ी करके बैठ रहे हैं जिससे जहां शासन का राजस्व क्षति हो रहा है वही यात्रियों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है. प्रयागराज क्षेत्र में गत दिवस की गई चालानी कार्यवाही की जानकारी प्राप्त हुई है. 11 फरवरी को प्राइवेट डगगामार वाहन संख्या-ओएलडी 11 सी 3515 उडीसा से प्रयागराज आ रही थी जिसे आनन्द कुमार ए0आर0टी0ओ0 के साथ सिविल लाइन डिपो की टीम द्वारा झूंसी मे पकड़कर 36हजार 3सौ 60 रूपया जुर्माना लगाया गया. दूसरी वाहन संख्या-एमपी 18 पीओ 536 शहडोल से प्रयागराज आ रही प्राइवेट डगगामार वाहन को घुरपुर मे पकड़कर 54हजार रूपया जुर्माना लगाया गया. तीसरी डगगामार वाहन संख्या एमपी 15 जेडएल 9444 नागपुर से प्रयागराज आ डगगामार वाहन को घुरपुर मे पकड़कर 45 हजार 4 सौ रूपया जुर्माना लगाया गया. चौथी डगगामार वाहन संख्या एमपी 30 पीओ 253 सागर से प्रयागराज आ रही डगगामार वाहन को मामा भांजा मे पकड़कर 31हजार 2सौ 50 रूपया जुर्माना लगाया गया. पांचवी डगगामार वाहन संख्या यूपी 65 जेटी 3387 प्रयागराज से वाराणासी की सवारी विद्यावाहनी बस स्टेशन के सामने भर रही थी जिसे पकड़कर 26 हजार रूपया जुर्माना लगाया गया सभी पकड़ी गयी प्राइवेट डगगामार वाहनो को विद्यावाहनी बस स्टेशन के अन्दर खड़ी करायी गयी. 12 फरवरी को रणवीर सिंह ए0आर0टी0ओ0 एंव सिविल लाइन की टीम द्वारा ग्वालियर से बिहार जा रही प्राइवेट डगगामार वाहन को पकड़कर रूपया-एक लाख एक सौ बत्तीस, जुर्माना लगाते हुए सीज किया. उक्त डगगामार वाहन को विद्यावाहनी बस स्टेशन पर खड़ी करायी गयी. 12 को आनन्द प्रताप ए0आर0टी0ओ0 एंव सिविल लाइन की टीम द्वारा दिल्ली से वाराणासी जा रही प्राइवेट डगगामार वाहन को पकड़कर रूपया-बाइस हजार, 5 सौ, जुर्माना लगाते हुए सीज किया.

उक्त डगगामार वाहन को विद्यावाहनी बस स्टेशन पर खड़ी करायी गयी. उत्तर प्रदेश में जहां अवैध संचालित बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है.

# 20 किमी साइकिल चलाकर परीक्षा देने पहुंची छात्रा बेहोश

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 फरवरी, जिले में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. उधारी की मान्यता पर संचालित हो रहे निजी विद्यालयों की व्यवस्थाओं के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. शिक्षा एक स्थान पर प्रवेश ( एडमिशन ) दूसरी जगह और परीक्षा केंद्र अलग स्थान पर बनाए जाने से विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है.**

इसी अव्यवस्था के बीच एक छात्रा को करीब 20 किलोमीटर साइकिल चलाकर परीक्षा देने के लिए जाना पड़ा. जानकारी के अनुसार छात्रा नईगढ़ी क्षेत्र से संबंधित है और उसका परीक्षा केंद्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नईगढ़ी में बनाया गया था. लंबी दूरी और अत्यधिक थकान के चलते परीक्षा के दौरान वह अचानक बेहोश हो गई. विद्यालय प्रशासन द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है. चिकित्सकों के अनुसार अधिक थकावट और कमजोरी के कारण छात्रा की तबीयत बिगड़ी. बताया जा रहा है कि जिले में कई निजी विद्यालय दूसरे संस्थानों की मान्यता पर संचालित हो रहे हैं. ऐसे विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का नामांकन एक जगह दर्ज होता है, पढ़ाई किसी और स्थान पर कराई जाती है और परीक्षा केंद्र तीसरी जगह निर्धारित कर दिए जाते हैं. इस व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों, विशेषकर छात्राओं, को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. अभिभावकों का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्र निर्धारित किए जाएं तो छात्रों को अनावश्यक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी. वहीं शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं.

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. सामाजिक संगठनों और अभिभावकों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है.

# लंबित मामलों और फरार आरोपियों पर सख्ती के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 फरवरी, मऊगंज सभागार में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग आयोजित की गई.**

बैठक में एडिशनल एसपी, एसडीओपी सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ते अपराधों की समीक्षा कर कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा. पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से थानों में दर्ज अपराधों की विस्तृत जानकारी ली और लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. बैठक के दौरान विशेष रूप से लंबित चालानों को शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा न्यायालयीन संबंध स्मरण (समन) की तामिली समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. किसी भी प्रकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# क्षमता से अधिक सवारी लेकर दौड़ रही टैक्सी

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 फरवरी, इस समय गुढ़-रीवा मार्ग में दौड़ने वाली ओवर लोड़ टैक्सियों ने आतंक मचा रखा है.**

ज्यादा पैसो की लालच में क्षमता से अधिक सवारी लेकर टैक्सी चालक वाहन दौड़ा रहे है. जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे है. 6 से 8 लोगो की क्षमता वाली टैक्सियों में 12 से 15 लोगो को ठूंस-ठूंस कर बैठा दिया जाता है और तेज रफ्तार से वाहन चलाया जाता है. जिसके चलते आये दिन इस मार्ग में हादसे हो रहे है. लेकिन पुलिस और आरटीओ अमला इस ओर ध्यान नही दे रहा है.



# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 35 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 फरवरी, जन सुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 35 आवेदकों की समस्यायें सुन संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये.**

उन्होंने डॉ. श्यामसुंदर कोल प्रधानाध्यापक के लंबित राशि के भुगतान के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं मोहम्मद हजरतदीन निवासी लोढ़ी के विद्युततार उपलब्ध कराकर बिजली चालू करने के आवेदन पर विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया. आशीष गुप्ता निवासी हनुमना ने अपने हिस्से के मकान में अन्य द्वारा कब्जा किये जाने का आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये. बराती गांव के रहवासियों ने 15 घरों में निवासरत परिवारों को जल आपूर्ति कराये जाने का आवेदन जनसुनवाई में दिया जिसे कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को समुचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया. लौरखुर्द निवासी मुन्नी प्रजापति के घर के सामने अन्य व्यक्ति द्वारा तारबाड़ी लगाकर रास्ता अबरूद्ध करने के आवेदन पर नायब तहसीलदार देवतालाब को, खटखरी निवासी अवनि कुमार मिश्र के खसरा सुधार के आवेदन पर तहसीलदार को, रमेश कुमार गुप्ता निवासी हनुमना के माता जी को कल्याणी पेंशन दिलाये जाने के आवेदन को नगर परिषद हनुमना के सीएमओं को समुचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया.

# मनगवां विधानसभा ब्लॉक गंगेव के महेन्द्र उपाध्याय प्रभारी बने

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 फरवरी, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के महेन्द्र उपाध्याय को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा द्वारा मनगवॉ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक गंगेव का प्रभारी नियुक्त किया है.**



मनगवॉ मुख्यालय कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक प्रभारी महेन्द्र उपाध्याय एवं गंगेव ब्लॉक अध्यक्ष बलराम गौतम की अध्यक्षता में मण्डलम् अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक आहूत की गई. इस अवसर पर मनगवॉ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बबिता साकेत व त्रिवेणी मत्रैय विशेष रूप से उपस्थिति रहे. बैठक में श्रीमती बबिता साकेत ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के दिशा निर्देश पर जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने जो कार्य प्रभारियो एवं ब्लॉक व मण्डलम् अध्यक्षो को सौंपा है उसमें सभी मण्डल अध्यक्ष निष्ठा पूर्वक कार्य कर क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करें. बैठक में गुढ़ मण्डलम् अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम गौतम गंगेव, मण्डलम् अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, देवेन्द्र चतुर्वेदी, पुष्पेन्द्र वर्मा, उमेष पटेल, अंबुज पाण्डेय, राकेष सिंह, रजनीष पाण्डेय, ऋषीकेष आदि मौजूद रहे.



सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में दी जा रही जानकारी

# खौर गांव में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 फरवरी, खौर गाँव में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण विषय पर एक व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि उत्पादों से मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी गई. इस अवसर पर कोदो के लड्डू, पपीता टुटी-फ्रूटी, आम पापड़ तथा आलू चिप्स आदि का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया गया. छात्र-छात्राओं ने इन उत्पादों को बनाने की विधि, पोषण महत्व तथा बाजार में उनकी संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया.इस कार्यक्रम में रावे समूह नेता वंशिका तिवारी के साथ इशिका, सुमन, सिद्धिका, पूर्णिमा, अनुराधा, महिमा, ज्योति सहित अन्य छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं. विशेष बात यह रही कि गाँव की घरेलू महिलाएँ एवं वरिष्ठ मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई.

# यूजीसी बिल के खिलाफ सवर्ण समाज ने भरी हुंकार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 फरवरी. यूजीसी बिल के खिलाफ सवर्णो का विरोध कम नहीं हो रहा है। लगातार प्रदर्शन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार की शाम सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में मशाल जुलूस निकाला।**

इस दौरान यूजीसी रोल बैक के नारे लगाये। यह जुलूस अटल पार्क से शुरू हुआ और विभिन्न मार्गों से गुजरा। जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे। सभी की केवल एक ही मांग है कि यूजीसी बिल को वापस लिया जाये। जुलूस के दौरान केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। आंदोलनकारियों ने कहा कि यूजीसी बिल समाज को बांटने का काम करेगा। इसके लागू होने से हिंदू आपस में ल?ेंगे। ऐसे काले बिल का वापस होना ही समस्या का हल है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि बिल वापस नहीं लिया जाता तो आंदोलन अनवरत क्रमबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

आंदोलनकारी सवर्ण समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार बिल को वापस नहीं लेती है तो आगे और भी आंदोलन किये जायेंगे। इसमें ना सिर्फ बाजार बंद शामिल रहेगा, बल्कि धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा। इससे भी बात नहीं बनी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### पुलिस रही तैनात

मशाल जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस तैनात रही। जुलूस के साथ ही पुलिस भी पैदल चलती रही। जिससे कोई भी अप्रिय घटना न हो। लिहाजा शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न हुआ। बताया गया है कि इस जुलूस के लिय बकायदा पहले से प्रशासन व पुलिस को अवगत कराया गया था।

# हाटा सरपंच ने जताया आभार

हनुमना, 18 फरवरी, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील क्षेत्र के सुप्रसिद्ध हाटेश्वरनाथ हाटा में महाशिवरात्रि महोत्सव में उमड़े हजारों हजार के श्रद्धालुओं के जन सैलाब के बावजूद सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के समस्त सदस्यों मंदिर समिति के पुजारी समुदाय तथा मेले में पधारे व्यापारियों तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत हाटा के सरपंच तथा शिवरात्रि महोत्सव की विशेष सहयोगी महेंद्र प्रताप सिंह ने आभार जताया.

# महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पोषण समिति की हुई समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 फरवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक में पोषण ट्रैकर एप, भवन निर्माण, आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना केंद्र संचालन की समीक्षा की गयी.**



इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों का सही वजन एवं ऊंचाई लेने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सेम एवं मेम बच्चों का पंजीकरण पोषण ट्रेकर एप पर हों. कोई भी बच्चा छूटे नही. मैदानी अमले को यह भी निर्देश दिए गये कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों अंतर्गत फाउन्डेशन लर्निंग प्राप्त हों.कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना एवं पोषण ट्रैकर के संकेतकों में एफआरएस, आभा आईडी आपार आई डी में प्रगति के निर्देश दिए.

उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भर्ती किये जाने के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारी को सेम बच्चों एवं चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु निर्देशित किया.

कलेक्टर ने कहा कि समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण आहार वितरण निर्बाध गति से हो इस हेतु स्वयं सहायता समूह से समन्वय कर शत - प्रतिशत पोषण आहार वितरण किया जाना सुनिष्चित करें. पूरक पोषण आहार एवं गर्म पका भोजन की एंट्री पोषण ट्रैकर एप में की जाए. आगामी 15 दिवस में समस्त परियोजना अधिकारियों को प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना की प्रगति शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये. इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पांडेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी एवं समस्त परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर उपस्थित रहे.

# अखिलेश ने जताया आभार

हनुमना, 18 फरवरी, हनुमना में बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव की अभूतपूर्व सफलता पर आयोजन समिति एवं नगर व क्षेत्र वासियों तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले समस्त लोगों के प्रति वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष तथा कार्यक्रम का मार्गदर्शन कर रहे अखिलेश गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि 2002 से अनवरत निकाली जाने वाली शिव बारात में जिस प्रकार से अनवरत समूचे नगर वासियों व क्षेत्र वासियों का सहयोग मिलते चला आ रहा है उसके लिये आभार जताया है.

# लावारिश मिली बच्ची को पुलिस ने सौंपा परिजनों को

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 18 फरवरी, मंगलवार को हनुमाना तहसील क्षेत्र के ग्राम चौहान में एक दो वर्षीय लावारिस अवस्था में रोती बिलखती मासूम बिटिया देखी गई.**

जिसे अमन ट्रेडर्स ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए पहले तो आसपास के लोगों से पता किया फिर कुछ नहीं पता लगने पर सोशल मीडिया में इसे जारी किया और पुलिस को भी सूचना दी यद्यपि देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लगा था. लेकिन अभी रात्रि 11.30 बजे पता करने पर पता चला कि बिटिया का पता चल गया है वह देवरा निवासी किसी व्यक्ति की थी जो भटक कर चौहान ग्राम चली आई थी सोशल मीडिया पर जारी किए गए मोबाइल फोन पर बात करने पर बताया कि 9399603732 पुलिस ने जानकारी लगने पर जिस व्यक्ति की बच्ची थी उनके परिजनों को थाने बुलाकर सौंप दिया गया है उन्होंने बताया कि बच्ची शाहपुर थाना क्षेत्र के थाना खटखरी अंतर्गत ग्राम देवरा की थी. जिसे परिजनों को सौंपा गया.

# पड़ोसी ने किया विश्वासघात, लाखों के ऐठ लिए गहने

## थाने में नही हुई कार्यवाही तो पीड़िता पहुंची एसपी कार्यालय

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 फरवरी, रीवा में अमानत पर खयानत का मामला प्रकाश में आया है जहा एक महिला के साथ पड़ोसी महिला द्वारा विश्वासघात कर उसके लाखो कीमती गहने ही ऐठ लिए है. आरोप है पड़ोसी ने रिश्तेदारी में जाने पीड़ित महिला से उसके गहने और साड़ी मांगे और बाद में वह उसे लौटाना तो दूर गहने लेने की बात से मुकर गई और उसे पहचानने से भी इंकार कर दिया.**

फिलहाल पड़ोसी द्वारा किए गए विश्वातघात और अमानत में खयानत का शिकार हुई महिला ने पहले संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उसने पुलिस अधिक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई. दरअसल मामला रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र ग्राम तेंदुन है. ग्राम तेंदुन निवासी पीड़ित महिला मीना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 फरवरी को पड़ोस में रहने वाली महिला ने रिश्तेदारी में जाने की बात कह कर उसके गहने और साड़ी मांगे थे. पीड़ित महिला की माने तो इसके पूर्व भी उसके द्वारा गहने और कपड़े लिए गए थे, जिसे वह वापस लौटा दी थी. लेकिन इस बार गहने और कपड़े लेने के बाद उसने वापस लौटाना तो दूर उन्हें लेने से साफ इनकार कर दिया. हालांकि सूरत महिला ने मामले की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई थी लेकिन जब कार्रवाई नहीं हुई तो उसने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की.

### पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल डीजे किया जब्त

**रीवा.** सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने यूजीसी बिल के समर्थन में हुये बिना अनुमति प्रदर्शन, सड़क पर जाम लगाने सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों को अपमानित करने के बाद पुलिस ने एक्शन दिखाना शुरू कर दिया है. मामले में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ प्रदर्शन में शामिल डीजे के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर के बाद पुलिस ने उक्त डीजे को वाहन सहित जप्त कर लिया है. आरोप है कि उक्त डीजे को बीच सड़क पर खड़ा कर ना सिर्फ सड़क को जाम किया गया बल्कि डीजे की मदद से तेज आवाज में उत्तेजक व अपशब्दों का प्रयोग करते हुये भीड को उकसाने का काम किया गया था. फिलहाल कलेक्ट्रेट कार्यालय के कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस नें कार्यवाही करते हुये मनगवां के स्टार डीजे को जप्त कर आंगे की कार्यवाही शुरू कर दी है. एफआईआर दर्ज करने के बाद वीडियो के आधार पर लोगो को चिन्हित किया जा रहा है.

# रोजगार मेले में 112 युवाओं को मिला रोजगार

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 फरवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरू वशिष्ठ आई.टी.आई. मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 158 आवेदकों ने पंजीयन कराया.**




मेले में शामिल 10 कंपनियों ने 112 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल कंपनी सीआईआई-एमसीसी गुजरात में 21, आमधनी बजाज ऑटो लि.मि. चाकन औरंगाबाद में 14, आमधनी धूत ट्रान्समिशन लिमि. पुणे में 4, डी एण्ड एच सेचरॉन इंदौर में 5, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.) में 15, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 9, सिटी कार प्रा. लि. सतना में 11, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 14, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 7 तथा एससीएन ग्लोबल प्रा. लि. दिल्ली में 12 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये